**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**31.07.2025/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/**

**राज/सीमा/11:00बजे**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के शासनकाल में जम्मू–कश्मीर आतंकवाद से मुक्त होगा और इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता आएगी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आतंकी ढाँचे को ध्वस्त कर दिया जाएगा। अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के सशक्त, सफल और निर्णायक ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में हुई चर्चा के जवाब में यह बात कही।

**मंत्रिमंडल**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में चार दिवसीय मंत्रिमंडल की बैठक का आज अंतिम दिन है। इस दौरान प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की तारीख को लेकर आज अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है। पिछले कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में एक प्रेजेनटेशन दी गई और इस पर विस्तृत चर्चा भी हुई है।

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त 2 अगस्त को जारी की जाएगी। इस संबंध में कल नई दिल्ली में कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई और यह सुनिश्चित किया गया कि इसका लाभ अधिकतम किसानों तक पहुँचे। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तर प्रदेश के वाराणसी में करेंगे। बैठक में केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को राष्ट्रीय, राज्य, जिला और ग्राम स्तर पर किसानों को इस कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश दिए।

**थुनाग कॉलेज**

प्राकृतिक आपदा के बाद बागवानी व वानिकी कॉलेज थुनाग को स्थानांतरित करने के फैसले का छात्रों व अभिभावकों ने सरकार का समर्थन किया है। शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान अभिभावकों ने कहा कि उनकी मांग पर ही नाचन के लिए कॉलेज शिफ्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि 30 जून की रात को भारी वर्षा के कारण आई बाढ़ से छात्र गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे और उन्हें दो दिन तक भोजन, पानी व अन्य जरूरी सुविधाओं की भारी कमी से जूझना पड़ा। आपदा के हालात इतने खराब थे कि 3 जुलाई को छात्रों को पैदल ही सुरक्षित स्थानों की ओर निकलना पड़ा।

पीटीसी–योगराज/

**31.07.2025 / 11.00बजे / रितेश कपूर / राज / सीमा**

**फोरलेन कंपनी**

शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने फोरलेन निर्माण कंपनी को शिमला के भट्टाकुफर में 30 जुलाई को ईमारत गिरने से हुए नुकसान की एवज़ में प्रभावितों को 5 करोड़ 61 लाख रूपए का मुआवज़ा देने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर ए.डी.एम. शिमला पंकज शर्मा की अध्यक्षता में जांच समिति गठित की गई थी और समिति की रिपोर्ट आने के बाद ये आदेश दिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि प्रभावितों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए मुआवज़े की राशि का जल्द भुगतान किया जाए।

**किन्नौर कैलाश**

बीती रात से बारिश के चलते प्रसिद्ध किन्नौर कैलाश यात्रा आज स्थगित कर दी गई है। किन्नौर जिला प्रशासन के मुताबिक बारिश थमने के बाद यात्रा फिर से शुरू होगी। भारी बारिश के चलते बीते 15 दिनों में चार बार यात्रा को स्थगित करना पड़ा है।

**मौसम**

प्रदेश के अनेक भागों में मॉनसून की वर्षा का क्रम आज भी रूक–रूक कर जारी है। भूस्खलन के कारण राज्य में अभी भी एक राष्ट्रीय उच्चमार्ग सहित 301 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। मंडी, कुल्लू राष्ट्रीय उच्चमार्ग बनाला–औट के पास भारी बारिश के कारण बंद है। इसके अलावा 4 सौ 36 बिजली ट्रांसफार्मर और 2 सौ 54 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। वर्षा से जुड़ी घटनाओं में राज्य में एक सौ 70 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 36 लोग लापता हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

**नशा मुक्त**

किन्नौर ज़िला पुलिस ने नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है और प्राकृतिक रूप से उगे भांग के पौधों को नष्ट किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक शेखर ने बताया कि रूपी पंचायत में पुलिस और अन्वेषण दल की विशेष टीम द्वारा निजी भूमि में उगाए गए भांग के हज़ारों पौधे नष्ट किए गए हैं। उन्होंने बताया कि निजी भूमि मालिकों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।